
# इच्छा

**शिक्षण–निर्देश :**

'इच्छा' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा विद्यार्थियों से बातचीत करें।



मेंढक की केवल इच्छा है
बादल आएँ, बरसे जल
मोर चाहता है, वह नाचे
घिर आएँ काले बादल
तितली का मन है, वह देखे
रंग–बिरंगे फूल खिले



कोयल चाह रही, वसंत की
शोभा चारों ओर मिले
खेत चाहते हैं, उग आए
हरी फसल हर ओर यहाँ
रात चाहती है, दिन आए
चिड़ियों का हो शोर यहाँ
नदी चाहती, बहे हमेशा
ऊपर–नीचे उठे लहर
माँ का मन करता, खुशियों में
डूबा रहे हमारा घर
और एक इच्छा मेरी है
देखूँ मैं संसार सभी
जितने बच्चे हैं धरती पर
सबसे मिलूँ तुरंत अभी।



डॉ. श्रीप्रसाद

दिनांक


# इच्छा

दिवस–166

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'इच्छा' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा 'मेंढक' से संबंधित अन्य कविता का गायन करवाएँ।

चित्र देखिए और उसके बारे में लिखिए–



कविता की पंक्ति को पूरा कीजिए–

........................................ की केवल इच्छा है

बादल आये, बरसे जल



मेंढक का चित्र बनाइए–

दिनांक


# इच्छा

दिवस–167

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'इच्छा' कविता का समवेत स्वर में गायन तथा 'मोर' से संबंधित अन्य कविता का गायन करवाएँ तथा 'मोर' के रंग–रुप, भोजन तथा आवास आदि पर बातचीत करें।

मोर के चित्र को ध्यान से देखिए और उसके अंगों के नाम लिखिए–



प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) भारत का राष्ट्रीय पक्षी कौन है ?

(ख) मोर की क्या इच्छा है ?

कविता की पंक्ति को पूरा कीजिए–

मोर चाहता है, वह ..............................

घिर आएँ काले ..............................



दिनांक **इच्छा** दिवस–168

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'इच्छा' कविता का समवेत स्वर में गायन तथा 'तितली' से संबंधित अन्य कविता का गायन करवाएँ तथा फूलों के विभिन्न प्रकार तथा उसकी उपयोगिता, आदि पर बातचीत करें।

## कविता की पंक्ति को पूरा कीजिए–

मेंढक की केवल इच्छा है

............................... आएँ, बरसे जल

मोर चाहता है, वह नाचे

घिर आएँ ............................... बादल

तितली का मन है, वह देखे

रंग–बिरंगे फूल ...............................











## पंख के बिना उड़ने वाली वस्तुओं के नाम लिखिए–

जैसे–







## शब्दों को सही क्रम में सजाकर वाक्य लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| जैसे– | फूल रंग–बिरंगे खिले | रंग–बिरंगे फूल खिले |
| तितली पर है फूल | | |
| नाचा मोर बरसा बादल | | |

## चित्र देखिए और उसके बारे में लिखिए–



दिनांक | इच्छा | दिवस–169

**शिक्षण–निर्देश :**


विद्यार्थियों से 'इच्छा' कविता का समवेत स्वर में गायन तथा 'कोयल' से संबंधित अन्य कविता का गायन करवाएँ तथा विद्यार्थियों से 'कोयल' के रंग–रुप, आवाज, भोजन तथा आवास आदि पर बातचीत करें।

प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) कोयल किस रंग की होती है ?

(ख) कोयल किसकी शोभा चारों ओर देखना चाहती है ?

चित्र देखिए और उसके बारे में लिखिए–



शब्दों को सही क्रम में सजाकर वाक्य लिखिए–


| | | |
|---|---|---|
| जैसे– | कोयल गाती काली है | काली कोयल गाती है। |
| | काले–काले बादल आकाश में है | |
| | चिड़िया लाई दाना आई | |

दिनांक **इच्छा** दिवस–170

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'इच्छा' कविता का समवेत स्वर में गायन तथा शिक्षक/शिक्षिका द्वारा खेती से जुड़े लोकगीतों का गायन करवाएँ।

चित्र देखिए और उसके बारे में लिखिए–



प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) खेत की क्या इच्छा है ?

(ख) खेती से जुड़े किन्हीं चार उपकरणों के नाम लिखिए।

दिए गए शब्द से वाक्य बनाइए और लिखिए–

फसल –

चिड़िया –

दिनांक **इच्छा** दिवस–171

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'इच्छा' कविता का समवेत स्वर में गायन तथा 'चिड़ियों' से संबंधित अन्य कविता का गायन करवाएँ।

## चित्र देखिए और उसके बारे में लिखिए–



| कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए– | इन्हें आप और क्या–क्या कहते हैं, लिखिए– |
|---|---|
| .................................... चाहती है, दिन आए | चिड़ियाँ |
| .................................... का हो भोर यहाँ | |
| .................................... चाहती, बहे हमेशा | शोर |
| ऊपर–नीचे उठे .................................... | |



दिनांक

# इच्छा

दिवस–172

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से 'इच्छा' कविता का समवेत स्वर में गायन तथा बिहार की कोई एक प्रचलित लोरी का गायन करवाएँ।

प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) माँ का मन क्या चाहता है ?

(ख) आपकी माँ आपको क्यों अच्छी लगती है ?

दिए गए शब्द से वाक्य बनाइए–

बादल–

फूल–

खेत–

नदी–

संसार–

अपनी पसंद का चित्र बनाइए–

दिनांक

# इच्छा

दिवस–173

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों से उनके मनपसंद कविता का गायन करवाएँ।

कविता की छूटी हुई पंक्तियों को पूरा कीजिए–

मेंढक की केवल इच्छा है
______________________

मोर चाहता है, वह नाचे
______________________

तितली का मन है, वह देखे
______________________

कोयल चाह रही, वसंत की
______________________

खेत चाहते हैं, उग आए
______________________

रात चाहती है, दिन आए
______________________

नदी चाहती, बहे हमेशा
______________________

माँ का मन करता, खुशियों में
______________________

और एक इच्छा मेरी है
______________________

जितने बच्चे हैं धरती पर
______________________

'इच्छा' कविता में किन–किन ने अपनी इच्छा प्रकट की है ? उसके नाम पर ◯ कीजिए–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मेढ़क, | गधा, | बादल, | खेत, | मोर, | तितली, | फूल, | कोयल, |
| वसंत, | रात, | चिड़ियाँ, | नदी, | फसल, | माँ, | मैं, | लहरें |